- खगड़िया संस्करण
- वर्ष: 5
- अंक: 159
- मूल्य ₹ 2.00
- पृष्ठ 06
- Reg: UDYAM-BR-17-0007168

दैनिक
# बिहार पत्रिका
सच के साथ

पटना। मंगलवार, 22 अक्टूबर 2024 | web_dainikbiharpatrika.com | Email_dainikbiharpatrika@gmail.com


## संक्षिप्त खबर

### आशा कार्यकर्ता चित्रा झा का निधन, शोक में डूबे परिजन

दैनिक बिहार पत्रिका / समस्तीपुर

**विद्यापतिनगर।** प्रखंड अंतर्गत मऊ धनेशपुर दक्षिण पंचायत के वार्ड संख्या आठ निवासी आशा कार्यकर्ता के आकस्मिक निधन से परिजनों में कोहराम मच गया है, वहीं पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। बताया गया कि रविवार की रात आशा कार्यकर्ता चित्रा झा (48 वर्ष) को अचानक सीने में दर्द का ऐहसास हुआ, जिसके बाद लोगों ने उन्हें एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वे बीते कई वर्षों से आशा कार्यकर्ता के रूप में काम कर रही थी। उनके असामायिक निधनं की खबर सुन कर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उनके आवास पर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया।

### बिहार में नौकरी मतलब नीतीश कुमार नवल

**पटना।** जदयू प्रदेश प्रवक्ता नवल शर्मा ने सोमवार को कहा है कि बिहार में नौकरी का मतलब नीतीश कुमार है। बिहार पुलिस के 1239 दारोगा को नियुक्ति प्रमाणपत्र वितरित कर एक बार फिर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसे सिद्ध कर दिया है। ऐसी नियुक्तियां विधि-व्यवस्था के प्रति नीतीश कुमार की प्रतिबद्धता को भी दर्शाती हैं। उन्होंने कटाक्ष किया है कि 35 प्रतिशत आरक्षण के जरिए भारी संख्या में जो बिहार की बेटियां दारोगा बनी हैं, उनके चेहरे की खुशी तेजस्वी यादव को जरूर देखनी चाहिए।

### कश्मीर में मारे गए लोगों का शव आज आएगा पटना

**पटना।** जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले में बिहार के तीन लोगों की मौत हो गई है। मृतकों की पहचान फहीम नासिर (अकबरपुरा, वैशाली), कलीम ( हनुमाननगर चकला गांव, मधेपुरा) और मोहम्मद हनीफ (रामपुर लाही, मधेपुरा) के रूप में हुई है। श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की घटना के बाद श्रम संसाधन विभाग और स्थानीय प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतकों के शवों को बिहार लाने की तैयारी की है। तीनों मजदूरों के शवों को सोमवार की रात श्रीनगर से विमान से दिल्ली लाया जाएगा। इसके बाद शवों को दिल्ली से इंडिगो की फ्लाइट से पटना एयरपोर्ट मंगलवार की सुबह लाया जाएगा।

### जमीन विवाद में महिला के साथ मारपीट

**खगड़िया।** जिले के गांधींनगर में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में एक महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जख्मी महिला सीता देवी को परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां इलाज किया जा रहा है।

# अररिया सहित सीमांचल में रोहिंग्या-बांग्लादेशी भरे पड़े,भारत को बना रखा है धर्मशाला : गिरीराज सिंह

दैनिक बिहार पत्रिका/अररिया



केंद्रीय मंत्री गिरीराज सिंह आज हिन्दू स्वाभिमान यात्रा के क्रम में अररिया पहुंचे । यहां उन्होंने अपनी यात्रा के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अररिया सीमांचल ही नहीं देश में रोहिंग्या और बांग्लादेशी भरे पड़े हैं। इन लोगों ने भारत को धर्मशाला बनाकर रख दिया गया है,जो कतई नहीं होगा। रोहिंग्या और बांग्लादेशियों की संख्या के कारण हालात ऐसे हो गए हैं कि सीमांचल के कई ब्लॉक में हिंदुओं की संख्या सिमट कर रह गई है। डर से हिन्दू बहु बेटी सिंदूर नहीं करतीऔर हिन्दू मर्द ने अपने और परिवार के अस्मत के रक्षा को लेकर वेशभूषा बदलने को विवश है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल,यह कब तक। गिरिराज सिंह ने कहा कि अररिया के हालात तो एनआरसी लागू किए जाने वाली है। अभी नहीं चेतोगे तो अररिया दूसरा कश्मीर होगा। नेपाल बॉर्डर के नोमेंस लैंड पर बांग्लादेशी घुसपैठियों ने कब्जा कर रखा है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश और कश्मीर को पूरी दुनिया ने देखा। आज तक हमलोगों ने ताजिया पर एक पत्थर नहीं फेंका,लेकिन धर्म के रक्षा के लिए हिंसा और हिंसक होना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि 1951 से अबतक हिन्दुओं की जनसंख्या तेजी से घटी है। किशनगंज के बाद अररिया दूसरा जिला जहां हिन्दुओं का प्रतिशत घटा है। उन्होंने मंच से बांग्लादेशी को जमीन नहीं देने की कसम खिलवाया। उन्होंने कहा कि स्वाभिमान यात्रा से बहुत लोगों के पेट में दर्द हो रहा है। ओवेशी मुसलमानों के एकजुटता की बात करते हैं तो वह सेक्युलरिज्म और हम हिंदुओं की एकजुटता की बात करे तो दंगाई। सवाल खड़ा करते हुए केंद्रीय मंत्री ने ओबेसी से सांप्रदायिक तनाव नहीं होता है और मेरे कार्यक्रम को लेकर प्रशासन की ओर से हिंदुओं की गली होकर प्रोग्राम बनाया गया,ऐसा क्यों।उन्होंने ललकारते हुए कहा कि यह धरती किसी के बाप की नहीं है। सभा को दीपांकरजी महाराज,सांसद प्रदीप कुमार सिंह आदि ने भी संबोधित किया। इससे पहले केंद्रीय मंत्री गिरीराज सिंह खड़ेश्वरी काली मंदिर में पूजा अर्चना किया। जिसके बाद परिसर में ही हवन कार्यक्रम में भाग लेकर जुलूस की शक्ल में बस स्टैंड स्थित सभा स्थल पहुंचे।इस दौरान उनके साथ हजारों लोग काली मंदिर से सभा स्थल तक पैदल पहुंचे। केंद्रीय मंत्री गिरीराज सिंह , दीपांकरजी महाराज और स्थानीय सांसद प्रदीप कुमार सिंह के साथ हिन्दू स्वाभिमान रथ पर सवार थे।

# भागलपुर; डकैती मामले में नीतिश कुमार सहित चार व्यक्ति गिरफ्तार



दैनिक बिहार पत्रिका /भागलपुर

जिले के सुलतानगंज थाना अंतर्गत हुए डकैती कांड का पुलिस ने 48 घंटे के अन्दर सफल उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में चार व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। साथ ही सी०पी०यू०, मस्केट, मोबाईल एवं अन्य सामान बरामद किया गया है। उक्त आशय की जानकारी सोमवार को एसएसपी आनंद कुमार ने दी। एसएसपी ने बताया कि बीते 17 अक्टूबर की रात्रि में सुलतानगंज थाना अंतर्गत शाहाबाद के रहने वाले रंजीत कुमार के घर से नकाबपोश अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा हथियार का भय दिखाकर जेवरात, नगद, मोबाईल, सी०पी०यू० एवं अन्य सामान लूट ली गई। इस संबंध में रंजीत कुमार के फर्द बयान के आधार पर सुलतानगंज थाना में मामला पंजीकृत किया गया। कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक नगर के निगरानी एवं पुलिस उपाधीक्षक विधि-व्यवस्था के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा तकनिकी अनुसंधान के आधार पर छापेमारी कर घटना में संलिप्त कुल-04 व्यक्तियों को मस्केट के साथ मिरहट्टी से गिरफ्तार किया गया तथा लूटी गई सी०पी०यू०, मोबाईल, घड़ी एवं चप्पल बरामद किया गया। अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। गिरफ्तार व्यक्तियों में नीतीश कुमार, राहुल कुमार, प्रितम कुमार और राजहंस कुमार शामिल है।

# निरीक्षण: बीआरसी का बीडीओ ने किया औचक निरीक्षण, बीआरसी का मेनग्रील में ताला लटका देखकर रहे भौचक

दैनिक बिहार पत्रिका। सोनू कु. भगत






**सुपौल।** छातापुर बीडीओ डा. राकेश गुप्ता ने मुख्यालय स्थित बीआरसी का औचक निरीक्षण किया। करीब साढे 10 बजे निरीक्षण के लिए बीआरसी पहूंचे बीडीओ मेनग्रील में ताला लटका देखकर भौचक रह गए। एक भी कार्यालय कर्मी के बीआरसी नहीं पहूंचने पर बीडीओ हतप्रभ हो रहे थे। सूचना के बाद कार्यालय परिचारी आनन फानन में मौके पर पहूंचे और ग्रील का ताला खोलकर बीडीओ को प्रवेश कराया। बीडीओ ने कार्यालय में बैठकर उपस्थिती पंजी मंगवाई और अनुपस्थित सभी कर्मियों की हाजरी काटकर अपने इरादे को स्पष्ट कर दिया। इस संदर्भ में बीडीओ ने बताया कि बीआरसी के ससमय नहीं खुलने और कर्मियों की मनमानी की शिकायत लगातार मिल रही थी। उनके द्वारा किये गए औचक निरीक्षण में शिकायतों की पुष्टी हुई है। अनुपस्थित सभी 11 कर्मियों का हाजरी काटकर एक दिन का वेतन स्थगित किया गया है। इसके साथ ही आवश्यक अन्य कार्रवाई कर जिला प्रशासन को वस्तुस्थिती से अवगत कराया जायेगा। उन्होने बताया कि बीआरसी नियमित रूप से पूर्वाहन नौ बजे खुलना है। परंतु कर्मियों की मनमानी है कि साढे 10 बजे तक बीआरसी में ताला लटका है और सभी कर्मी गायब थे। कर्मियों की ऐसी हिमाकत बर्दाश्त योग्य नहीं है। बीआरसी नहीं खुले रहने के कारण बीईओ को बाहर मैदान में हरी घास पर घंटो बैठकर इंतजार करना पड़ता है। कर्मी यदि अपने कर्तव्य में सुधार नहीं लाते हैं तो आगे के दिनों में और भी शख्त कार्रवाई की जा सकती है।

# निरीक्षण: बीईओ ने किया स्कूल का निरीक्षण



दैनिक बिहार पत्रिका। सोनू कु.भगत

**सुपौल।** छातापुर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रभा कुमारी तथा प्रखंड साधन सेवी द्वारा प्राइमरी स्कूल यादव राम टोला नरहेया का निरीक्षण किया। इस दौरान स्कूली विधि व्यवस्था को बारीकी ढंग से देखा। वही स्कूल में चल रही अर्द्ध वार्षिक परीक्षा में छुटे बच्चे का मूल्यांकन कार्य का भी जायजा लिया। प्रधानाध्यापिका कंचन कुमारी,विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष रामचंद्र राम,सहायक शिक्षक फैज अहमद,चंचल कुमारी, पिंकी कुमारी आदि मौजूद थी।

# आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम 23 अक्टूबर को




दैनिक बिहार पत्रिका/कुमार चंदन

**बांका:-** 23 अक्टूबर को पूर्वाहन 11:00 बजे प्रखंड-बौंसी, ग्राम पंचायत-सरूआ, ग्राम-रतनसार में आवासित माल पहाड़िया एवं संथाल जनजाति समूह को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने हेतु आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम निर्धारित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत-सरूआ, ग्राम-रतनसार के आम नागरिकों के जन समस्याओं की सुनवाई एवं ऑन स्पॉट निष्पादन किया जाएगा। सभी विभागों यथा आपूर्ति, श्रम विभाग, आवास, शौचालय, स्वास्थ्य , उद्योग, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, आई०सी०डी०एस० आदि के पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रम स्थल पर अपने-अपने विभाग से संबंधित काउंटर का अधिष्ठापन कराते हुए आवेदन की प्राप्त की जाएगी एवं निष्पादन किया जाएगा। कार्यक्रम में आने वाले लोगों से लिखित जन समस्याओं की प्राप्ति एवं संधारण हेतु कार्यक्रम स्थल पर मे आई हेल्प यू काउंटर का निर्माण किया जायेगा। सभी आवेदकों से आवेदन-पत्र इसी काउंटर पर संधारित होकर जिला पदाधिकारी, बांका के माध्यम से संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी को ऑन स्पॉट निष्पादन हेतु उपलब्ध करायी जायेगी। जाँच एवं टीकाकरण शिविर कार्यक्रम स्थल पर आने वाले आमजनों का कार्यक्रम स्थल विभिन्न बीमारियों की जाँच एवं टीकाकरण के शिविर का आयोजन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बौंसी द्वारा किया जायेगा। दाखिल खारिज एवं अन्य अंचल अधिकारी, बौंसी द्वारा अंचल स्तर पर दाखिल खारिज एवं अन्य से संबंधित परिवाद का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन करायेंगे।

# अमेज़न एमएक्स प्लेयर के प्लेग्राउंड सीज़न-4 में मेन्टॉर की भूमिका में नज़र आएंगी उर्फ़ी जावेद

दैनिक बिहार पत्रिका/मुंबई




अमेज़न की मुफ्त वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा, अमेज़न एमएक्स प्लेयर ने आज बड़े उत्साह के साथ प्लेग्राउंड S4 में नए मेन्टॉर के रूप में ऊर्फी जावेद के शामिल होने की घोषणा की है। ऊर्फी जावेद बेबाक अंदाज़ वाले फैशन स्टेटमेंट और सोशल मीडिया पर अपनी बोल्ड शख़्सियत के लिए जानी जाती हैं, और यकीनन उनके आने के बाद यह शो हर लिहाज से और भी धमाकेदार होने वाला है, जिसमें नई-नई चुनौतियाँ सामने आएंगी जो सभी कंटेस्टेंट को अपने-अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलने पर मजबूर कर देंगी। इस शो में पहले से ही पहले से ही मुनव्वर फ़ारूक़ी, एल्विश यादव, मिथपैट और मॉर्टल जैसे पावरहाउस मेन्टॉर की मौजूदगी में कंटेस्टेंट जबरदस्त मुकाबले का सामना कर रहे हैं, और यकीनन ऊर्फी के आने के बाद क्रिएटिविटी और उत्साह का स्तर दोगुना हो जाएगा, साथ ही इस कॉन्टेस्ट में कई रोमांचक मोड़ भी सामने आएंगे। प्लेग्राउंड S4 ने पहले ही दिलो-दिमाग को झकझोर देने वाली चुनौतियों और बेहद होनहार कंटेस्टेंट्स के जज़्बातों से भरे ड्रामा से दर्शकों का दिल जीत लिया है। यकीनन ऊर्फी अपने खास अंदाज़ से उनके मुकाबले को स्तर को और भी चुनौतीपूर्ण बना देंगी। बारीकियों पर उनकी पैनी नज़र होगी और वे अपने खेल में सच्चे बने रहने पर जोर देंगी, जिसकी वजह से सभी खिलाड़ी उनका दिल जीतने के लिए अपने खेल को और बेहतर बनाने की कोशिश करेंगे और मुकाबले का रोमांच कई गुना बढ़ जाएगा। शो के इस पहलू में हुए बदलाव के बाद कंटेस्टेंट्स के बीच एक-दूसरे से आगे निकलने की कोशिश, ड्रामा और मनोरंजन का स्तर सातवें आसमान पर होगा,और यकीनन दर्शक भी दिल थामकर यह शो देखने के लिए मज़बूर हो जाएंगे। ऊर्फी ने इस नई भूमिका के बारे में अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, "मेन्टॉर की भूमिका निभाना सचमुच बड़ा रोमांचक अनुभव है! पिछले साल मैं भी प्लेग्राउंड में आई थी और मैंने पाया कि वहाँ जोश और माहौल बिल्कुल अलग था! मैं उभरते गेमर्स को उनके सफ़र में सही राह दिखाने के लिए पूरी तरह तैयार हूँ। यह शो पूरी तरह से क्रिएटिविटी, इंसान की अपनी शख़्सियत और लीक से हटकर कुछ नया करने के बारे में है, और मैं जल्द-से-जल्द यह देखना चाहती हूँ कि वे इन तमाम चुनौतियों से कैसे बाहर निकलते हैं।मैं तो बस उन्हें अपने गेमप्ले और पर्सनल स्टाइल में खुद को सच्चाई के साथ दुनिया के सामने लाने और खुद के प्रति सच्चे बने रहने के लिए प्रेरित करना चाहतीहूँ।चलिए गेम शुरू करें!"

# शिक्षक ने नाबालिक छात्र को मार-पीट कर किया जख्मी थाना में दिया आवेदन

दैनिक बिहार पत्रिका/उमाकांत साह






**चांदन/बांका:-** आनंदपुर थाना क्षेत्र के कुसुम जोरी पंचायत अंतर्गत प्रोन्नत मध्य विद्यालय कुसुम जोरी में पदस्थापित शिक्षक विजय तिवारी के खिलाफ गांव के दर्जनों ग्रामीण ने बच्चे के साथ मार-पीट को लेकर हस्ताक्षर युक्त आवेदन आनंदपुर थाना में देकर कार्रवाई करने कि गुहार लगाई है। आवेदक गीता देवी पति कैसो दास साकिन कुसुम जोरी ने बताई कि, मेरा बेटा दीपक कुमार छठी कक्षा में पढ़ता है। विद्यालय के शिक्षक विजय तिवारी शनिवार 19 अक्टूबर को किसी विषय पर पढ़ाई के क्रम में बेरहमी से मार पीट कर नाक से खून निकल दिया। जिससे मेरा बेटा बीमार हो गया। सोमवार 21 अक्टूबर को विद्यालय पहुंचकर शिक्षक विजय तिवारी से बच्चे को मार-पीट करने का कारण पुछने पर हमारे साथ भी धक्का मुक्की करने लगा। इतना ही नहीं शिक्षक विजय तिवारी कहने लगा कि तुम्हारे बच्चे को स्कूल से निकाल देंगे। वहीं गांव के दर्जनों बच्चों के अभिभावकों ने बताया कि शिक्षक विजय तिवारी मानसिक तनाव में रहते हैं। और अक्सर छात्र छात्राओं के साथ अमानवीय व्यवहार करते आ रहा है, शिक्षक द्वारा इस तरह कि कृत्य से विद्यालय कि गरिमा गिरता जा रहा। पिछले वर्ष भी कई छात्रा के साथ मार-पीट किए जाने के कारण, तत्कालीन सहायक शिक्षक अवधेश कुमार ने अपनी तबादला कन्या मध्य विद्यालय चांदन करा लिए हैं। जबकि मार-पीट करने के मामले में दर्जनों बच्चों के अभिभावक विद्यालय पहुंचकर घंटों बवाल काटा और विद्यालय के प्रधानाध्यापक पंकज पांडेय पिंकू के समक्ष शिक्षक विजय तिवारी को प्रोन्नत मध्य विद्यालय कुसुम जोरी से हटाने और उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने कि मांग करने लगे। मामला बढ़ता देख घायल छात्र दीपक कुमार के अभिभावक ने मौके से 112 नंबर डायल कर आंनदपुर थाना को सुचित किया गया। सुचना मिलते ही आनंदपुर थानाध्यक्ष विपिन कुमार, ए एस आई उमेश कुमार सदलबल विद्यालय पहुंचकर मामले को शांत कराया और शिक्षक विजय तिवारी के विरुद्ध कार्रवाई करने का अश्वासन दिया। वहीं इस संदर्भ में विद्यालय के प्रधानाध्यापक पंकज पांडेय पिंकू ने बताया कि शिक्षक का कृत्य से हम सभी विद्यालय परिवार क्षुब्ध महशुस करता हूं। शिक्षक विजय तिवारी का व्यवहार आचरण से विद्यालय कि गरिमा को ठेस पहुंची है। जबकि इस संदर्भ में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुरेश ठाकुर ने बताया कि इस तरह कि घटना पुर्व में भी सुनने को मिला था। जांच पड़ताल कर शिक्षक विजय के खिलाफ विधिवत कार्रवाई कि जाएगी।

## एक नज़र इधर भी

### इनर व्हील क्लब छपरा ने युवक को स्वरोजगार हेतु दिया ठेला




दैनिक बिहार पत्रिका/छपरा

इनर व्हील क्लब ऑफ छपरा द्वारा जरूरतमंद बेरोजगार युवक को स्वरोजगार हेतु एक ठेला दिया गया। प्रेसिडेंट वीणा शरण ने कहा कि इनर व्हील क्लब व्यक्तियों और परिवारों को आत्मनिर्भर बनने और गरीबी के चक्र को तोड़ने में सक्षम बनाने की शक्ति में विश्वास करता हैं। इसके साथ ही क्लब ने यातायात नियमों के तहत लोगों में जागरूकता एवं इनर व्हील की ब्रांडिंग के लिए डाक बंगला रोड स्थित पेट्रोल पंप के समीप एक ब्रांडिंग बोर्ड लगाया। दोनों परियोजना का उदघाटन क्लब की वरीय सदस्य शैल जैन ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से क्लब की अर्चना रस्तोगी, किरण सहाय, अनुराधा सिन्हा, सरिता राय, मंजू सिंह, शशि प्रभा सिन्हा, कांति शर्मा, राखी सिंह सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित थीं।

### स्प्रीट एवं शराब के साथ चार कारोबारी गिरफ्तार



दैनिक बिहार पत्रिका/छपरा

मढ़ौरा थानान्तर्गत स्प्रीट एवं शराब कारोबारियों के विरूद्ध छापामारी में विक्रमपुर, बरदहियां एवं वाजितभोरहा से चार अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में बताया जाता है कि मढ़ौरा थाना को सूचना प्राप्त हुई की विक्रमपुर निवासी शत्रुधन राउत स्प्रीट शराब की खरीद बिक्री कर रहे हैं। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक-सह-थानाध्यक्ष मढ़ौरा के नेतृत्व में एक टीम का गठन करते हुए छापेमारी किया गया तो शत्रुधन राउत के घर के बगल में एक प्लास्टिक के बाल्टी को लेकर बगल में स्थित केला के पेड़ के नीचे झाड़ी में छुपाकर धीरे से खेत की तरफ बढ़ने लगा तो पुलिस बल की सहायता से उक्त व्यक्ति को खदेड़कर पकड़ लिया गया।प्लास्टिक बाल्टी की तलाशी लिया गया तो उसमें 20 लीटर स्प्रीट बरामद हुआ। वहीं शत्रुध्न राउत से स्त्रीट के बारे में कड़ाई से पूछताछ किया तो उन्होंने बताया कि यह स्त्रीट मैंने मिथिलेश सिंह और मुन्ना बैठा से खरीदा है। गिरफ्तार अभियुक्त के निशानदेही पर स्त्रीट कारोबार में संलिप्त कारोबारी को रात्रि में मुन्ना बैठा एवं मिथिलेश सिह के घर पर छामापारी कर उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

### छर्री लदा हाईवा के चढ़ने से पुलिया क्षतिग्रस्त



दैनिक बिहार पत्रिका/कुमार चंदन

**बांका:-** जिले के फुल्लीडुमर प्रखंड अंतर्गत सोमवार सुबह भीतिया डाक बंगला से कारी पहड़ी ग्रामीण पथ ओर स्थित पुलिया में छर्री लदे हाईवा के धसने से पुलिया क्षतिग्रस्त हो गया। इस कारण उस ग्रामीण पथ पर वाहनों का आवागमन ठप हो गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से हाईवे को उठाकर मार्ग को चालू करने की मांग की है।

## वयोवृद्ध पूर्व विधायक जयप्रकाश मिश्र का निधन, जिला परिषद अध्यक्ष ने दी श्रद्धांजलि

दैनिक बिहार पत्रिका/कुमार चंदन



**बांका:-** कटोरिया के पूर्व विधायक व्योवृद्ध जयप्रकाश मिश्र का सोमवार की दोपहर बाद 101 वर्ष की लंबी उम्र में उनके प्रखंड के भीतिया गेड़ाटीकर गांव स्थित आवास पर निधन हो गया। दिवंगत पूर्व विधायक के भतीजा सह पूर्व मुखिया विनोद मिश्र ने बताया कि वह 101 वर्ष के थे। अति वृद्ध होने की वजह से उनका निधन हो गया। वह वर्ष 1972 से 77 तक निर्दलीय चुनाव जीतकर कटोरिया के विधायक रहे। इसके पूर्व वह तीन बार कटोरिया के प्रखंड प्रमुख एवं मुखिया पद पर रहे। प्रमुख पद पर रहते हुए वह विधायक बने थे। जयप्रकाश मिश्र अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। ढाई वर्ष पूर्व उनके बड़े पुत्र प्रमोद कुमार मिश्र का निधन हो गया था। मंझले पुत्र संपूर्ण मिश्र सरकारी सेवा निवृत्ति हैं। जबकि सबसे छोटा पुत्र उत्तम कुमार मिश्र देवघर में रहते हैं। उनके निधन की सूचना पाते ही जिला परिषद अध्यक्ष राजेंद्र यादव ने उनके आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके निधन पर पूर्व मुखिया विनोद मिश्र, दयाशंकर सिंह, चितरंजन मंडल, जयकुमार यादव, प्रदीप देव बाबू, राकेश कुमार, फौदारी यादव, मिहिर कुमार सिंह,सुनिल सिंह, अमरेंद्र सिंह, अशोक साह सहित दर्जनों लोगों ने गहरा दुःख व्यक्त किया है।

## जवाहर कुमार झा ने आईडीपिएस स्कूल के सामने अपने अनुष्ठान का किया भूमि पूजन



दैनिक बिहार पत्रिका/कुमार चंदन

**बांका:-** जन सूरज पार्टी के संस्थापक सदस्य जवाहर कुमार झा ने बांका सर्किट हाउस रोड, आइडीपिएस स्कूल के सामने अपने अनुष्ठान का भूमि पूजन पूरे विधि विधान से सम्पन्न किया। इस अवसर पर उनके परिजन एवं समर्थक उपस्थित रहे। जवाहर झा ने क्षेत्र के सभी लोगों को पूजन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि इस पावन अनुष्ठान के साथ आपके बीच उपस्थित रहने का एक स्थान बन रहा है। आप सब के सहयोग और आशीर्वाद से यह सब संभव हो सका है।

आप सब का सहयोग इसी प्रकार प्राप्त होता रहे और आपके हृदय में मेरा स्थान बना रहे।

## विभिन्न कार्यालयों में लंबित पत्रों के तुरंत निष्पादन करने का दिया गया निर्देश



दैनिक बिहार पत्रिका/कुमार चंदन

**बांका:-** जिला पदाधिकारी, बांका अंशुल कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ 10:00 बजे पूर्वाहन में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा विभिन्न कार्यालयों में लंबित पत्रों के निष्पादन की प्रगति की समीक्षा की गई तथा काफी दिनों से लंबित पत्रों के तुरंत निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त, बांका,अपर समाहर्ता , बांका, अपर समाहर्ता विभागीय जांच, बांका, जिला परिवहन पदाधिकारी, बांका, भू-अर्जन पदाधिकारी, बांका, अनुमंडल पदाधिकारी, बांका, विशेष कार्य पदाधिकारी, बांका , प्रभारी पदाधिकारी राजस्व शाखा, बांका, जिला योजना पदाधिकारी, बांका, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, बांका सहित अन्य वरीय जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## राइस मिल का किया गया निरीक्षण

दैनिक बिहार पत्रिका/कुमार चंदन

**बांका:-** जिलान्तर्गत चावल मिलों के भौतिक सत्यापन हेतु अंकित कुमार वरीय उप समाहर्त्ता, बांका एवं जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम, बांका के द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को जिला पदाधिकारी, बांका के निर्देश पर रजौन प्रखंड के सिंह जी एलएलपी एवं सीएमएस राइस मिल का निरीक्षण किया गया तथा धान अधिप्राप्ति 2024-25 हेतु मिल का भौतिक सत्यापन किया गया। ताकि किसानों के द्वारा लिए गए धान को नियमानुसार कुटाई कर सीएमआर तैयार कर पी डी एस के माध्यम से गुणवत्ता युक्त चावल पहुंचाया जा सके।




## युडी आई डी शिविर के लिए तिथिवार प्रखंड स्तर पर सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में शिविर का किया जाएगा आयोजन

दैनिक बिहार पत्रिका/कुमार चंदन

**बांका:-** युडी आई डी शिविर प्रत्येक माह के बृहस्पतिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजन किया जाना है तथा प्रत्येक मंगलवार को सदर अस्पताल में शिविर आयोजित किया जाना है अक्टूबर माह में केवल दिनांक 30 तारीख को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बृहस्पतिवार की जगह बुधवार को आयोजित किया जा रहा है। शिविर के माध्यम से प्रमाणीकृत दिव्यांगजनों का युडी आई डी कार्ड बनाने एवं वैसे दिव्यांगजनों जिनका अबतक प्रमाणीकरण नहीं हो पाया है उनका प्रमाणीकरण उपरांत युडी आई डी कार्ड निर्गत किये जाने हेतु जिला एवं प्रखंड स्तर पर युडी आई डी कार्ड बनाया जाएगा। शिविर आयोजन करने की तिथि (प्रत्येक गुरुवार) को अक्टूबर, नवंबर , दिसंबर, जनवरी एवं फरवरी में निर्धारित की गई है। अक्टूबर में दिनांक 24.10.2024 एवं 30.10.2024(बुधवार ) , नवम्बर में 14.11.2024, 21.11.2024 एवं 28.11.2024 दिसंबर में 05.12.2024, 12.12.2024, 19.12.2024 एवं 26.12.2024, जनवरी में 02.01.2025, 09.01.2024 , 16.01.2024 , 23.01.2025 एवं 30.01.2025 और फरवरी में 06.02.2025 ,13.02.2025, 20.02.2025 एवं 27.02.2025 है। निर्धारित तिथिवार प्रखंड स्तर पर सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में शिविर का आयोजन किया जाएगा। संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी शिविर के नियंत्री पदाधिकारी होंगे। शिविर का समय 10.00 बजे पूर्वाह्न से 05 बजे अपराह्न तक निर्धारित किया गया है। असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,द्वारा शिविर के लिए चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति करेंगे। सामाजिक सुरक्षा के प्रखंड स्तर पर प्रतिनियुक्त डाटा इन्ट्री ऑपरेटर दिव्यांगजनों से प्रमाणीकरण हेतु प्राप्त आवेदन को पंजी में सूचीबद्ध करेंगे। इसके अतिरिक्त इनके द्वारा कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण/बैट्री चालित ट्राईसाईकिल एवं पेंशन हेतु वंछित कागजात के साथ आवेदन प्राप्त करेंगे।

## कार्यपालक पदाधिकारी का स्वतंत्र प्रभार सौंपा गया सहायक समाहर्ता को

दैनिक बिहार पत्रिका/कुमार चंदन



**बांका:-** सहायक समाहर्ता, बांका अनिरुद्ध पांडेय को नगर पंचायत बौंसी कार्यपालक पदाधिकारी का स्वतंत्र प्रभार सोमवार को सौंपा गया। जिसके उपरांत सहायक समाहर्ता, बांका द्वारा बौंसी नगर पंचायत स्थित छठ घाट आगरा जोर घाट एवं आगरा छिटका घाट का निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा वहां मौजूद कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत बौंसी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। वहीं दूसरी ओर जिला पदाधिकारी, बांका के निर्देश पर कटोरिया नगर पंचायत स्थित छठ घाटों पर साफ सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

## रजौन सी०एच०सी० में युडी आई डी शिविर का किया गया आयोजन

दैनिक बिहार पत्रिका/कुमार चंदन

**बांका:-** अपर मुख्य सचिव, समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना का के पत्र के आलोक में राज्य के प्रत्येक दिव्यांगजनो को विशिष्ट पहचान पत्र"युडी आई डी कार्ड प्रदान करने के उद्देश्य से युडी आई डी परियोजना का कार्यान्वयन दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रांलय, भारत सरकार द्वारा किया जा रहा है। जिसका संचालन बिहार राज्य में स्वास्थ्य विभाग एवं समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार के सहयोग से किया जा रहा है। यह विदित है कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओ को लाभ प्राप्त करने हेतु युडी आई डी कार्ड एकल दस्तावेज के रूप में मान्य है।

दिव्यांगजनों का युडी आई डी कार्ड का निर्माण हेतु सतत / निरंतर प्रक्रिया एवं अभियान के अतिरिक्त समय-समय पर विशेष शिविर लगाये जाने की आवश्यकता है, जिसकी शुरूआत दिनांक 17 अक्टूबर 2024 से 30 अक्टूबर 2024 के एक स्लॉट में किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को रजौन प्रखंड के सी०एच०सी० में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 95 आवेदन शिविर में एवं 6 आवेदन ऑफलाइन प्राप्त हुए हैं। इस प्रकार कुल 101 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से 12 आवेदकों का पंजीकरण हुआ।

पोर्टल पर जिला में ऑनालाईन लंबित पंजीकृत आवेदकों की संख्या 1676 हैं। शिविर में आज निर्गत सर्टिफिकेट की संख्या 39 हैं। वहीं अद्यतन पोर्टल पर कुल लंबित आवेदनों की संख्या 1914 हैं।

# अब्रेले मिस और मिसेज इंडिया 2024 सर्टिफिकेशन अवॉर्ड में सुंदरता और सशक्तिकरण का अद्वितीय जश्न

दैनिक बिहार पत्रिका/कुमार चंदन

**पटना/बिहार:-** राजधानी पटना के कासा पिकोला रेस्टोरेंट में अब्रेले मिस और मिसेज इंडिया 2024 सर्टिफिकेशन अवॉर्ड का आयोजन नरुलाज एंड कंपनी द्वारा भव्य तरीके से किया गया। इस शानदार कार्यक्रम ने सुंदरता, गरिमा और महिलाओं की शक्ति का एक अनूठा प्रदर्शन प्रस्तुत किया, जिसमें कई प्रमुख हस्तियों और गणमान्य मेहमानों ने भाग लिया। इस अवसर पर, अब्रेले मिस और मिसेज इंडिया 2024, 15 सितंबर को आयोजित पेजेंट के विजेताओं को सर्टिफिकेशन अवॉर्ड प्रदान किया गया। समारोह में उपस्थित सभी लोग इस बात के गवाह बने कि कैसे प्रतिभागियों ने न केवल अपनी खूबसूरती बल्कि साहस और उद्देश्य के साथ भीड़ में अपनी पहचान बनाई। मिस श्रेणी में, कुमारी रूपा ने विजेता का खिताब अपने नाम किया, जिन्होंने अपने प्रदर्शन से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। डॉ. अमृता स्वराज ने प्रथम उपविजेता का खिताब जीता, जबकि अनुराधा रॉय ने द्वितीय उपविजेता के रूप में अपनी पहचान बनाई। इन सभी प्रतिभागियों ने अपनी विशेषताओं और आत्मविश्वास के साथ इस मंच पर अपनी जगह बनाई। मिसेज श्रेणी में, डॉ. राउत कविता अनील को विजेता के रूप में सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने अनुभव और ज्ञान से



सभी को प्रेरित किया। डॉ. लक्ष्मी ने द्वितीय उपविजेता का खिताब जीता, उनके अद्वितीय दृष्टिकोण और सामर्थ्य ने उन्हें इस प्रतिस्पर्धा में एक महत्वपूर्ण स्थान दिलाया। इस कार्यक्रम में रोशनी वेलफेयर फाउंडेशन चेरिटेबल ट्रस्ट के निदेशक राजेश जैसवाल,यूनाइटेड न्यूज़ ऑफ़ इंडिया के उपसंपादक प्रेम कुमार, समीना, डॉ. नीसस, और मनीष सिंह भी उपस्थित थे। उनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ा दिया। उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण और सामाजिक उत्थान की भूमिका के बारे में जानकारी साझा की। नरुलाज एंड कंपनी की संस्थापक और निदेशक, डॉ. शिखा नरुलाने कार्यक्रम के दौरान अपने गर्व का इजहार करते हुए कहा, "यह मंच केवल सुंदरता का उत्सव नहीं है; यह महिलाओं को अपने सपनों को साकार करने और समाज में सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए प्रेरित करने का एक माध्यम है।" उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि महिलाओं की सशक्तिकरण के लिए ऐसे कार्यक्रम आवश्यक हैं जो उन्हें अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रेरित करें। यह अवॉर्ड महिलाओं की शक्ति और गरिमा का सच्चा उदाहरण था, जिसने सभी उपस्थित लोगों को प्रेरित किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी ने एकत्रित होकर इस विचार का जश्न मनाया कि महिलाएं केवल सुंदरता का प्रतीक नहीं हैं, बल्कि वे समाज में बदलाव लाने की क्षमता भी रखती हैं। इस आयोजन ने सभी को यह याद दिलाया कि हर महिला में एक अद्भुत शक्ति होती है, जिसे पहचानना और उसे विकसित करना आवश्यक है।

# बकाया पैसा पर किया मार-पीट थाना में मामला दर्ज

दैनिक बिहार पत्रिका/उमाकांत साह



**चांदन/बांका:-** चांदवारी पंचायत के ढोलडांड गांव निवासी कामेश्वर यादव पिता स्वर्गीय दिन दयाल यादव ने भैरोगंज बाजार अवस्थित एक मिठाई दुकानदार रोहित कुमार दास पिता महेंद्र दास के खिलाफ दुध का बकाया पैसा मांगने पर मारपीट करने का आरोप में आनन्दपुर थाना में आवेदन देकर कार्रवाई करने कि गुहार लगाया है। आवेदन में बताया कि मिठाई दुकानदार रोहित दास से दुध का बकाया ₹1650 मांगने दुकान पर गया था, लेकिन पैसा नहीं देकर गाली गलौज करते हुए दुकान से भगा दिया।ओर कहने लगा कि तुम दुध देना बंद कर दिया है, इसलिए पैसा नहीं देंगे।इस बात को लेकर चांदमारी पंचायत के पुर्व मुखिया सहेंद्र दास को जानकारी देकर वापस घर लौट रहे थे, तभी मिठाई दुकानदार रोहित दास मेरे बाइक के सामने खड़ा होकर रास्ता रोक लिया और बेवजह फ़ाइट मुक्का चला कर मारपीट करने लगा। मारपीट करने से मेरा मुंह में चोट निशान आ गया और खुन बहने लगा। किसी तरह उसके चंगुल से भागकर जान बचाया। इस संदर्भ में आंनदपुर थाना अध्यक्ष विपिन कुमार ने बताया कि पुलिस मामले कि छानबीन कर रही है। दोषी पाए जाने पर विधिवत कार्रवाई कि जाएगी।

# शिवशक्ति महारुद्र यज्ञ में उमड़ रही है श्रद्धालुओं की भीड़

दैनिक बिहार पत्रिका/ब्रजेश राठौर

**पंजवारा/बांका:-** विक्रमपुर में चीर नदी के तट पर आयोजित ग्यारह दिवसीय शिवशक्ति महारुद्र यज्ञ में भीड़ का सैलाब बढ़ता जा रहा है। महारुद्र यज्ञ में श्रद्धालुओं की खासी भीड़ उमड़ रही है।बड़ी संख्या में श्रद्धालु यज्ञशाला की परिक्रमा और पूजा-अर्चना कर रहे है। महारुद्र यज्ञ के चौथे दिन सोमवार को वैदिक मंत्रों के पवित्र उच्चारण से क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बन गया है। यज्ञ के हवन कुंड में 11 विद्वान पंडितों के समूह द्वारा मंत्रोच्चार कर हवनकुंड में आहुति दी जा रही है। यज्ञ परिसर में लगे मेले में भी लोग घूम कर आनंद उठा रहे है। वहीं दिन में



रासलीला एवं रात्रि में रामलीला की टोली भी लोगों का देर रात तक भरपूर मनोरंजन कर रही है। सायंकालीन बेला में आचार्य धर्मेंद्र शास्त्री के मुखारविंद से श्रद्धालु भागवत कथा अमृत का



रसपान कर रहे हैं। कथा के दौरान प्रस्तुत भक्ति भजनों की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। आयोजन की सफलता को लेकर समस्त क्षेत्रवासी सक्रिय हैं।

# पूर्व विधानसभा प्रत्याशी आभास झा को मातृ शोक



दैनिक बिहार पत्रिका / समस्तीपुर

**विद्यापतिनगर।** सरायरंजन विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी आभास झा की माता शांति झा (78 वर्ष) का निधन बीती रात पटना में हृदयगति रुक जाने के कारण हो गया। उनके निधन की खबर सुनते ही परिजनों एवं शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई है। बताया गया है कि वे अपने पुत्र आभास झा कै साथ पटना में रहा करती थी, जहां रविवार की देर रात उन्होंने अंतिम सांस ली। निधन उपरांत सोमवार को उनके पार्थिव शरीर को प्रखंड अंतर्गत मऊ धनेशपुर दक्षिण पंचायत के वार्ड संख्या 9 स्थित पैतृक निवास लाया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजनों एवं ग्रामीणों ने पहुंचकर पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। उनका अंतिम संस्कार निकटवर्ती तेघड़ा में मोक्षदायिनी गंगा नदी के अयोध्या घाट पर किया गया, जहां पुत्र आभास झा ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस दौरान मुखिया दिनेश प्रसाद सिंह, सरपंच चतुर्भुज प्रसाद सिंह, पूर्व मुखिया अरुण झा, पूर्व सरपंच राम दयाल झा, रंजीत मिश्रा, राघव झा, श्रीजय कुमार, विनोद झा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# पूर्व विधायक के निधन पर पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण कर दी गयी श्रद्धांजलि





दैनिक बिहार पत्रिका/कामेश्वर साह

**फुल्लीडुमर/बांका:-** कटोरिया विधानसभा के पूर्व विधायक जयप्रकाश मिश्रा की सोमवार को अपराह्न 3:00 बजे उनके पैतृक आवास फुल्लीडुमर प्रखंड के गेंड़ाटीकर गांव में निधन हो गया। पूर्व विधायक के निधन की खबर सुनते ही बेलहर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी लालधारी यादव, जिला परिषद अध्यक्ष राजेंद्र यादव, पूर्व जिला पार्षद कमलाकांत यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी फुल्लीडुमर कृष्ण कुमार, थाना अध्यक्ष फुल्लीडुमर बबलू कुमार, सांसद प्रतिनिधि कौशल किशोर सिंह उर्फ राजा, उप प्रमुख बेनी शंकर यादव ,मुखिया नारायण यादव, सांसद प्रतिनिधि कटोरिया दिनेश यादव ,जदयू नेता डॉक्टर नवाब अंसारी, समाजसेवी दीलीप यादव, कमल यादव, चितरंजन मंडल, भानु मंडल ,शशि भूषण मंडल ,विजय कुमार भगत, सुभाष चंद्र यादव, रिंकू भगत, पूर्व मुखिया विनोद कुमार मिश्रा, राजेश गुप्ता सहित अन्य क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि उनके पैतृक आवास गेंड़ाटीकर पहुंचकर पूर्व विधायक जयप्रकाश मिश्रा के पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करते हुए शोक संवेदना व्यक्त कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की, एवं ईश्वर से पूर्व विधायक के आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की। जानकारी के अनुसार पूर्व विधायक स्वर्गीय जयप्रकाश मिश्रा वर्ष 1972 से 77 में कटोरिया विधानसभा के विधायक थे। वहीं दिवंगत विधायक को तीन पुत्र स्वर्गीय प्रमोद मिश्रा, संपूर्णानंद मिश्रा एवं उत्तम मिश्रा हैं।

# भाजपा जिला अध्यक्ष के आवास पर पहुंचे बांका विधायक,जाना हाल-चाल



दैनिक बिहार पत्रिका/अमित कुमार शर्मा

**बौंसी/बांका:-** भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेश कुमार मिश्रा उर्फ विक्की मिश्रा के आवास पर पहुंचे विधायक रामनारायण मंडल उन्होंने भाजपा जिला अध्यक्ष को बधाई दिया एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। भाजपा जिला अध्यक्ष के शरीर में बम के चले फंसे हुए थे जो पटना में नरेंद्र मोदी के रैली के दौरान धमाके में जख्मी हुए थे उसे ऑपरेशन कर निकाला गया है। इस मौके पर विधायक रामनारायण मंडल ने कहा कि भाजपा जिला अध्यक्ष एक समर्पित कार्यकर्ता हैं और पटना में हुए धमाके में गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे जिनके शरीर में बम के कुछ हर लगे हुए थे जिसे निकाल लिया गया है यह हम लोगों के लिए खुशी की बात है। इससे पूर्व मंदार विद्यापीठ के अध्यक्ष अरविंद कुमार ने भी उनके आवास पर जाकर स्वास्थ्य हाल-चाल जाना है इस अवसर पर व्यावसायिक संघ अध्यक्ष राजू सिंह, झुमकी झा दिवाकर साह, मनीष केडिया, पूरनलाल तो मनमीत शाह सहित अन्य मौजूद थे

## ग्राम कचहरी को सशक्त करना हम सब का दायित्व : रुपेश

# स्थानीय न्याय व्यवस्था एवं ग्राम कचहरी विषय पर कार्यशाला का आयोजन

दैनिक बिहार पत्रिका / समस्तीपुर

**विद्यापतिनगर।** ग्राम कचहरी को सशक्त किए बगैर गांधी के सपनों के भारत की कल्पना करना बेईमानी है। उक्त बाते सोमवार को जिले के विद्यापतिनगर स्थित विवाह भवन के सभागार में आयोजित स्थानीय न्याय व्यवस्था एवं ग्राम कचहरी विषय पर आयोजित एकदिवसीय जिला स्तरीय परिचर्चा के दौरान अपने संबोधन में रूपेश कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि आज के इस जटिल न्यायिक व्यवस्था में हम सबको कानून की जानकारी होना नितांत आवश्यक है। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष फिरोज आलम उपस्थित रहे। जिला सरपंच संघ महासचिव




बउआ झा की अध्यक्षता एवं कोशिश चैरिटेबल ट्रस्ट के जिला समन्वयक अर्चना कुमारी के संचालन में आयोजित उक्त परिचर्चा को ट्रस्ट के राज्य समन्वयक ऋत्विज कुमार एवं डॉ विजयकांत सिन्हा, जिला कोऑर्डिनेटर उदय कुमार, समाज से भी दिलीप गिरी, प्रिंस कुमार, आईसीडीएस पर्यवेक्षक अनिता कुमारी, कामेंद्र प्रसाद सिंह आदि ने संबोधित किया।

# बिहार में व्यवस्था परिवर्तन के लिए जनसुराज को लाना आवश्यक : युवराज



दैनिक बिहार पत्रिका/आरा

बिहार में व्यवस्था परिवर्तन के लिए जन सुराज को लाना आवश्यक है उक्त बातें जन सुराज के जिला संयोजक प्रियरंजन युवराज ने तरारी विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत बड़का गांव में एक सभा को संबोधित करते हुए कही।युवराज ने कहा कि बिहार में सत्ता परिवर्तन के साथ साथ व्यवस्था परिवर्तन की जरूरत है और व्यवस्था परिवर्तन के लिए जन सुराज को लाना अति आवश्यक है। चाचा भतीजा और डबल इंजन की सरकार से लोग उब चूके है। रोजगार पलायन और शिक्षा जैसे अहम मुद्दों को लेकर बिहार की जनता राजग और महागठबन्धन से मोहभंग हो गया है। बिहार के लोग अब नया बिहार देखना चाहते हैं है और नया बिहार बनाने के लिए जन सुराज एक मात्र विकल्प है।इस अवसर पर राजनंदन यादव,संतोष सिंह,राजेश पासवान,ओम प्रकाश राम समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# जदयू की बैठक में पंचायतों में संगठन की मजबूती पर दिया बल

दैनिक बिहार पत्रिका/छपरा

अमनौर में जदयू की प्रखंड स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गयी । प्रखंड जदयू अध्यक्ष रामसिंगार कुशवाहा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि जदयू नेता वैद्यनाथ सिंह विकल ने कार्यकर्ताओं को पार्टी संगठन की मजबूती को लेकर कई अहम जानकारी दी।जदयू जिलाध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने कहा किसी भी पार्टी के लिये कार्यकर्ता बड़ी ताकत होती है। आज बिहार में जदयू गठबंधन की सरकार है व जदयू एक बड़ी पार्टी है। इस पार्टी की अधिक मजबूती के लिये वार्ड से लेकर पंचायत स्तर तक कमिटी की गठन की आवश्यकता है। कार्यक्रम में अमनौर विधान सभा प्रभारी संजय गिरि ने विधानसभा अंतर्गत 32 पंचायत में संगठन की मजबूती पर बल दिया। उन्होंने उपस्थित सभी प्रकोष्ठ के जदयू पदाधिकारियो से उनके कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। संगठन से संबंधित समस्याओं को सुना व उसका मौके पर निष्पादन किया।

इस बैठक में प्रमंडलीय प्रभारी रणबिजय कुमार, मीडिया प्रभारी सुजीत कुमार सिंह, अमरेन्द्र सिह कश्यप, सुनील सिंह, अरुण तिवारी, मनोज कुशवाहा, केदार महतो, मुन्नी देवी, वैद्यनाथ भगत, अनिल सिंह, सतीश कुमार राय, हरेन्द्र शर्मा, राजकुमार कुशवासा, घनश्याम कुशवाहा कश्यप मौक, सुनील सिंह कश्यपम, मुर्तजा आलाम, डॉ असलम अदसारी अखिलेश अनु व रामायण सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

# महाराष्ट्र में महारार: कांग्रेस और उद्धव सेना में सीटों पर भारी तकरार



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में केवल एक महीने का वक्त बचा हुआ है। मतलब 20 नवंबर को मतदान होना है और विपक्षी गठबंधन एमवीए ने अभी तक सीट शेयरिंग फॉर्मूला पेश नहीं किया है। खबरें ये भी हैं कि कांग्रेस और शिवसेना (उद्धव बालासाहब ठाकरे) के बीच तनातनी ज्यादा चल रही है। दोनों ही दलों के दिग्गज दिग्गज नेता और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) चीफ शरद पवार के द्वार पहुंचे हैं। राज्य में 20 नवंबर को मतदान होगा। रिपोर्ट के अनुसार, रविवार को एआईसीसी की चुनाव और स्क्रीनिंग कमेटी की बैठकें होना थीं, लेकिन सीट शेयरिंग में सहमति नहीं बनने के चलते ये रद्द हो गईं। कहा जा रहा है कि समितियां अगले 1-2 दिनों में फिर मीटिंग कर सकती हैं। इधर, शनिवार को एमवीए में सीट शेयरिंग पर दोबारा बातचीत शुरू हो गई थी।

खबर है कि शिवसेना (यूबीटी) विधायक आदित्य ठाकरे और एमएलसी अनिल परब ने भी सीनियर पवार से मुलाकात की है। पदाधिकारियों का कहना है कि मीटिंग घोषणापत्र के चलते की गई थी, लेकिन राजनीतिक जानकारों का मानना है कि सीट पर छिड़ी रार अभी पूरी तरह शांत नहीं हुई है। यह खासतौर से शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस के बीच जारी है। रविवार के उद्धव ठाकरे ने भी मातोश्री में पार्टी पदाधिकारियों की बैठक ली।कांग्रेस के एक पदाधिकारी ने कहा कि अगर सीट बंटवारे पर सहमति नहीं बनती है, तो पार्टी किसी भी स्थिति के लिए तैयार है। वहीं, शिवसेना (यूबीटी) के वरिष्ठ नेता संजय राउत ने भी कहा है कि राजनीति में कुछ भी हो सकता है। शनिवार को ही कांग्रेस के महाराष्ट्र प्रभारी रमेश चेन्नीथला ने शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्ध ठाकरे और पवार से मुलाकात की थी। एआईसीसी की तरफ से भी सीडब्ल्यूसी के सदस्य नसीम खान को स्थिति संभालने के लिए मैदान में उतारा गया है। उन्होंने अखबार को बताया, विवादित सीटों को लेकर शरद पवार से मेरी छोटी सी मुलाकात हुई है। एमवीए के सूत्रधार होने के नाते उन्होंने उद्धव ठाकरे और संजय राउत दोनों से मुलाकात की है। मुझे भरोसा है कि शरद पवार के हस्तक्षेप के बाद विवाद सुलझ जाएगा।रिपोर्ट के अनुसार, कांग्रेस के पदाधिकारी ने शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (एसपी) को लेकर कहा, उनकी मांग वास्तविक नहीं हैं। वे ऐसी सीटों की मांग कर रहे हैं, जहां उनकी मौजूदगी लगभग शून्य है।

## राष्ट्रपति के हाथों जल संरक्षण में केरल और छत्तीसगढ़ को मिला पुरस्कार



नई दिल्ली ।22 अक्टूबर को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू जल संरक्षण के लिए जल अवार्ड का प्रथम पुरस्कार केरल को तथा द्वितीय पुरस्कार छत्तीसगढ़ को समारोह में देंगी । केरल के तिरुवनंतपुरम जिले के पल्लमपारा गांव जो कि लगभग 26 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है ।यहां के ग्रामवासियों ने 12 किलोमीटर दूर वामन पुरम नदी तक गांव के पर्यावरण और जल संरक्षण के लिए संयुक्त प्रयास किया ।हरित कर्म सेना बनाई गई। इस सेना के कार्यकर्ताओं द्वारा जल स्रोत में कचरा डालने से रोका गया। सफाई के लिए विशेष इंतजाम किए गए। बारिश का पानी रोकने के लिए छोटे-छोटे बांध बनाए गए। उनके आसपास वृक्षारोपण किया गया। मनरेगा के तहत पुराने तालाबों और कुओं की साफ सफाई की गई। 600 नए तालाब खोदे गए। जिसके कारण इस क्षेत्र की स्थिति बिल्कुल बदल गई है। 910 हेक्टेयर क्षेत्र में वाटरशेड परियोजना चलाई जा रही है ।सारा गांव हरा भरा हो गया है। पेयजल भी स्थानीय निवासियों को आसानी से मिल रहा है। इसे जल अवार्ड का प्रथम पुरस्कार मिला है। द्वितीय पुरस्कार छत्तीसगढ़ के मासूलपानी गांव को प्राप्त हुआ है। गांव से लगे हुए पहाड़ से जो पानी आता है ।उसे गांव में ही रोका गया। इसके लिए चोटी से घाटी तक पानी को रोकने के लिए चेक डैम बनाए गए। मनरेगा के अंतर्गत 277 छोटी-छोटी कृषि डबरियाँ तैयार की गई। 50 सोलर पंप लगाकर किसानों की 125 एकड़ भूमि को सिंचित बनाया गया। गांव के लोग पानी की कमी के कारण मजदूरी करने के लिए गांव से बाहर जाते थे। अब उन्हें गांव पर ही काम मिलने लगा है ।अब यह गांव आसपास के लोगों को भी रोजगार दे रहा है।

## करवा चौथ की खु ?शियां मातम में बदलीं, पति-पत्नी ने की आत्महत्या

जयपुर। करवा चौथ की खुशियां एक परिवार के लिए मातम में बदल गई। जब मामूली कहासुनी के बाद पति-पत्नी दोनों ने आत्महत्या कर ली। यह घटना जयपुर के हरमाड़ा थाना क्षेत्र के नांगल सिरस गांव की है, जहां में करवा चौथ की रात 38 वर्षीय घनश्याम बुनकर और उसकी 35 वर्षीय पत्नी मोनिका उर्फ मोना ने आत्महत्या कर ली। सूत्रों के मुताबिक करवा चौथ पर घनश्याम देर रात घर लौटा, जिससे दोनों के बीच कहासुनी हो गई। गुस्से में आकर मोनिका रात करीब 12 :30 बजे घर से बाहर निकल गई। घनश्याम भी उसे रोकने के लिए पीछे-पीछे गया। जब वे जयरामपुरा पुलिया के पास पहुंचे तो मोनिका ने रेलवे ट्रैक पर छलांग लगा दी। ट्रेन से टकराने के बाद मोनिका के शरीर के टुकड़े-टुकड़े हो गए। पत्नी की मौत से दुखी घनश्याम खुद को संभाल नहीं सका और घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

**भाई को किया मैसेज, मांगी माफी-** एसएचओ उदयभान ने बताया कि पति-पत्नी के बीच घर देर से लौटने को लेकर झगड़ा हुआ था, इसके बाद मोनिका ने आत्मघाती कदम उठाया, जबकि घनश्याम इस दुख को सहन नहीं कर सका। इससे पहले, घनश्याम ने अपने भाई को एक वॉट्सऐप मैसेज भेजा था, जिसमें उसने अपनी हार की बात कही और माफी मांगी, साथ ही अपने परिवार की देखभाल करने की अपील की। पुलिस ने दोनों के शवों को कांवटिया हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में भेज दिया और पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## नर्मदा नदी के किनारे अवैध निर्माण हटाएगी मोहन सरकार

भोपाल । प्रदेश सहित देश की जीवन दायिनी नर्मदा नदी के किनारों का सेटेलाईट और ड्रोन से कैचमेंट सर्वेक्षण होगा। मोहन सरकार इसकी निगरानी भी कराएगी। नर्मदा और उसकी सहायक नदियों का सीमांकन होगा। जहां अतिक्रमण हैं, वहां से अवैध निर्माण हटाए जाएंगे। साथ ही नर्मदा की सहायक नदियों को पुनर्जीवित करने का काम होगा। नर्मदा किनारे बसे धार्मिक स्थलों, अमरकंटक और ओंकारेश्वर को सेटेलाईट सिटी के रूप में विकसित करने योजना तैयार होगी। नर्मदा के किनारे बड़ी बिल्डिंग के निर्माण नहीं हो सकते है। इस काम का रिव्यू नवंबर के दूसरे सप्ताह में होगा। इसके लिए 11 विभागों की जिम्मेदारी तय की गई है। मोहन सरकार ने सितंबर में इस लेकर मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में फैसला किया था। इस समिति में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के अलावा डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा, नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद पटेल, परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह, पीएचई मंत्री संपतिया उइके और वन मंत्री राम निवास रावत शामिल हैं।

## डिजिटल प्लेटफार्म के जरिए जम्मू कश्मीर के युवाओं को बनाया जा रहा आतंकी

श्रीनगर। संयुक्त राष्ट्र ने बार-बार भर्ती और हिंसा भड़काने सहित विभिन्न नापाक उद्देश्यों के लिए प्रचार का लाभ उठाने में आतंकवादी समूहों के प्रभाव को रेखांकित किया है। इन चुनौतियों के जवाब में, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने 2017 के संकल्प 2354 (व्यापक अंतरराष्ट्रीय रूपरेखा) को अपनाया था। इसके बाद भी पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और विभिन्न आतंकी समूह जम्मू-कश्मीर में दहशतगर्दों की भर्ती बढ़ाने के लिए अब डिजिटल प्लेटफार्म का उपयोग कर रहे हैं। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि सुरक्षाबलों की कड़ी नाकेबंदी के कारण उनके लिए युवाओं से सीधे संपर्क करना मुश्किल होता जा रहा है। ये समूह अब मुख्य रूप से एक्स (पुराना नाम ट्विटर), फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और टेलीग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और मैसेजिंग एप का इस्तेमाल कर भावनात्मक रूप से कमजोर युवाओं को लक्षित कर रहे हैं। आईएसआई और आतंकी समूह पहचान छिपाने के लिए फर्जी प्रोफाइल और वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन) का इस्तेमाल कर रहे हैं। वांछित युवाओं की पहचान होते ही उन्हें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने निजी ग्रुपों में शामिल कर लेते हैं। इन ग्रुपों में युवाओं को बरगलाने के लिए उन्हें सुरक्षा बलों के अत्याचारों को दर्शाने वाले मनगढ़ंत वीडियो सहित फर्जी तरीके से बनाई गई इसी तरह की सामग्री भेजी जाती है। यह रणनीति आईएसआई से जुड़े संचालकों की ओर से नफरत फैलाने और भर्ती के लिए अनुकूल माहौल को बढ़ावा देने के लिए अपनाई जाती है।

## गांदरबल में हुए आतंकी हमले की जांच करेगी एनआईए?

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में हुए आतंकी हमले की जिम्मेदारी द रेजिस्टेंस फंट (टीआरएफ) ने ली है। इस हमले में एक डॉक्टर समेत 6 प्रवासी मजदूरों की मौत हो गई थी। सूत्रों के अनुसार टीआरएफ का चीफ शेख सज्जाद गुल इस हमले का मास्टरमाइंड है। गुल के कहने पर ही यह हमला किया गया। इस बीच एनआईए की चार सदस्यीय टीम सोमवार को घटनास्थल का दौरा किया। बताया जा रहा है कि एनआईए को इस हमले की जांच सौंपी गई है। यह पहली बार है जब कश्मीरियों और गैर-कश्मीरियों को एकसाथ निशाना बनाया गया है। मालूम हो कि सीनियर पत्रकार शुजात बुखारी की हत्या में भी टीआरएफ का ही नाम आया था। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने इस हत्याकांड में शामिल तीन लोगों की पहचान की थी। हमले में शामिल दो लोग साउथ कश्मीर के रहने वाले और तीसरा पाकिस्तानी नागरिक था। टीआरएफ का गठन शेख सज्जाद गुल ने साल 2019 में किया। हालांकि, इस संगठन अस्तित्व में लाने की साजिश सीमा पार से चल रही थी। टीआरएफ लंबे समय से कश्मीर में सक्रिय है जिसके गुर्गों ने कश्मीरी पंडितों और बाहरियों को टारगेट किया है।

## रुसी सेना में जबरन भर्ती 20 भारतीयों की रिहाई जल्द संभव

**–करीब 85 भारतीयों को रिहा किया गया**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कजान यात्रा से पहले विदेश मंत्रालय ने कहा कि नई दिल्ली द्वारा मॉस्को के समक्ष मामला उठाए जाने के बाद से करीब 85 भारतीय जिन्हें रूसी सेना में धोखे से भर्ती किया गया था, उन्हें रिहा कर दिया गया है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि रूसी सेना से अभी भी 20 भारतीयों को रिहा किया जाना बाकी है। हालांकि, उन्होंने कहा कि शेष भारतीयों की जल्द रिहाई के लिए कोशिश के बारे में बताया हैं। इसके अलावा भारतीय विदेश सचिव मिसरी ने कहा कि भारत और चीन सोमवार को वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गश्त करने के लिए एक समझौते पर पहुँचे। यह समझौता लद्दाख सेक्टर के देपसांग और डेमचोक इलाकों में गश्त से संबंधित है। एलएसी पर गश्त पर समझौते पर विदेश सचिव मिस्री ने कहा, पिछले कई हफ्तों में हुई चर्चाओं के परिणामस्वरूप भारत-चीन सीमा क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गश्त व्यवस्था पर सहमति बन गई है और इससे 2020 में इन क्षेत्रों में उत्पन्न हुए मुद्दों का समाधान हो रहा है। विदेश सचिव मिस्री ने बताया कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में संस्थापक सदस्यों के साथ-साथ नए सदस्य भी भाग लेने वाले है। शिखर सम्मेलन 22 अक्टूबर को शुरू होगा और पहले दिन शाम को नेताओं के लिए रात्रिभोज होगा। शिखर सम्मेलन का मुख्य दिन 23 अक्टूबर है, जो दो सत्रों में होगा। सुबह एक बंद पूर्ण सत्र और उसके बाद दोपहर में एक खुला पूर्ण सत्र जो शिखर सम्मेलन के मुख्य विषय पर समर्पित होगा। शिखर सम्मेलन 24 अक्टूबर को समाप्त होगा लेकिन प्रधानमंत्री स्वदेश में महत्वपूर्ण प्रतिबद्धताओं के कारण 23 अक्टूबर को नई दिल्ली लौटने की उम्मीद है।

# सीजेआई पर विवादित बयान दे फंसे राम गोपाल यादव... विवाद बढ़ने पर मारी पलटी

**–अखिलेश यादव को चाचा की आपत्तिजनक टिप्पणी के बारे में जानकारी नहीं**



**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी सांसद राम गोपाल यादव ने तब बड़ा विवाद खड़ा कर दिया जब उन्होंने भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ को कैमरे पर गाली दी। दरअसल राम गोपाल यादव से अयोध्या विवाद के संदर्भ में की गई टिप्पणी भगवान से प्रार्थना के बारे में पत्रकारों द्वारा पूछा गया था। हालांकि, आलोचनाओं का सामना करने के बाद, सपा नेता यादव ने यह कहकर अपना बयान वापस ले लिया कि किसी ने भी उनसे सीजेआई के बारे में कुछ नहीं पूछा था। सपा नेता यादव ने कहा मैं कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता। जब आप भूतों को जीवित करते हैं, जब आप मृतकों को जीवित करते हैं, तब वे भूत बन जाते हैं और न्याय का पालन करना शुरू कर देते हैं। वे अब कहां हैं?... भूल जाइए, इसतरह सभी घटिया लोग ऐसी बातें कहते रहते हैं। क्या मुझे उन पर ध्यान देना चाहिए?

बाद में, जब सपा नेता यादव ने आपत्तिजनक टिप्पणी के बारे में स्पष्टीकरण मांगा गया, तब उन्होंने ऐसा कोई बयान देने से इंकार कर तर्क दिया कि उन्हें बहराइच हिंसा पर प्रतिक्रिया देने के लिए कहा गया था। उन्होंने कहा, किसी ने मुझसे सीजेआई के बारे में कुछ नहीं पूछा। सीजेआई बहुत प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं। मैंने कभी (उन पर) कोई टिप्पणी नहीं की। मुझसे बहराइच (हिंसा) के बारे में पूछा गया और मैंने उसका जवाब दिया। विवाद पर प्रतिक्रिया देकर पूर्व सीएम और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि उन्हें अपने चाचा द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के बारे में जानकारी नहीं है। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि उन्होंने फैसला सुनाने से पहले राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद के समाधान के लिए प्रार्थना की थी।

अयोध्या मामले पर 3 माह तक विचार-विमर्श करने के अपने समय को याद कर सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, अक्सर हमारे पास मामले (निर्णय के लिए) होते हैं, लेकिन हम समाधान पर नहीं पहुंचते। अयोध्या (राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद) के दौरान भी कुछ ऐसा ही हुआ था, जो 3 महीने तक मेरे सामने था।

बाते दें कि राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद लंबे समय से कानूनी और राजनीतिक मुद्दा रहा है कि क्या 16वीं सदी की मुगल मस्जिद उस जगह पर मंदिर को ध्वस्त करने के बाद बनाई गई थी, जिसे भगवान राम का जन्मस्थान बताया जाता है।


## हिंदुत्व शब्द को बदलने की याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने किया खारिज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने हिंदुत्व शब्द को भारतीय संविधानत्व शब्द से बदलने की याचिका खारिज कर दी है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेपी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने सुनवाई के दौरान याचिका को प्रक्रिया का दुरुपयोग करार दिया। याचिका दिल्ली के विकासपुरी निवासी एसएन कुंद्रा ने दायर की थी, जिसमें उन्होंने मांग की थी कि हिंदुत्व शब्द की जगह भारतीय संविधानत्व शब्द का इस्तेमाल किया जाए। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने यह कहते हुए याचिका खारिज दी कि इस तरह के मामलों को आगे बढ़ाना न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा और यह कोर्ट के समय और संसाधनों का अनुचित उपयोग है। कोर्ट ने कहा कि हम इस याचिका को स्वीकार नहीं करेंगे। यह याचिका प्रक्रिया का दुरुपयोग है और इसे आगे बढ़ाने का कोई आधार नहीं है। कोर्ट के इस फैसले के साथ ही यह मामला खत्म हो गया है।

## केंद्र की योजनाओं पर नजर रखेंगे शिवराज

**–पीएम मोदी ने योजनाओं और बजट घोषणाओं के तेज क्रियान्वयन के लिए निगरानी समूह बनाया**

**–पहली बैठक में सभी प्रमुख सचिवों ने लिया था भाग**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र सरकार की योजनाओं और बजट घोषणाओं के तेज कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में एक विशेष निगरानी समूह का गठन किया है। केंद्र की सभी योजनाओं पर नजर रखने जैसी अहम जिम्मेदारी शिवराज को पीएमओ ने सौंपी है, जिससे उनका कद राजनीतिक गलियारे में भी और बढ़ गया है। बताते चलें कि निगरानी समूह की पहली बैठक 18 अक्टूबर को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में आयोजित की गई थी, जिसमें सभी प्रमुख सचिवों ने भाग लिया था।

पीएमओ ने एक जानकारी में बताया है कि इस निगरानी समूह का उद्देश्य 2014 से अब तक घोषित सभी योजनाओं, बजट घोषणाओं और अधीनस्थ कानूनों की प्रगति पर नजर रखना है, ताकि उन्हें समय पर और प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके। समूह हर महीने पीएमओ में बैठक करेगा और योजनाओं की समीक्षा करेगा। बैठक में अतिरिक्त सचिव और संयुक्त सचिव भी शामिल होंगे, जो इन योजनाओं के नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई बार सरकारी योजनाओं में देरी को लेकर चिंता जाहिर कर चुके हैं, और यह कदम उनकी इसी चिंता का परिणाम बताया जा रहा है। माना जा रहा है कि शिवराज की अध्यक्षता वाला यह निगरानी समूह योजनाओं की प्रगति को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, जिन्हें एक कुशल प्रशासक माना जाता है, अब सचिवों को पीएमओ की अपेक्षाओं से अवगत कराएंगे और किसी भी योजना के पिछड़ने या अंतर-मंत्रालयी समर्थन की आवश्यकता होने पर संबंधित मंत्रालयों को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। पीएम मोदी की इस पहल से उम्मीद है कि योजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी आएगी, जिससे जनता को समय पर लाभ मिल सकेगा और सरकारी योजनाओं की प्रगति में सुधार आएगा।

## बेंगलुरु में भारी बारिश के कारण स्कूलों में छुटटी... निचले इलाकों और सड़कों पर पानी भरा



**पणजी(एजेंसी)।** बेंगलुरु (ईएमएस)। बेंगलुरु में बीतें दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ और कई निचले इलाकों और सड़कों पर पानी भर गया है। बेंगलुरु के उपायुक्त (शहरी) जगदीश जी. ने भारी बारिश के बीच सोमवार को स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों को बंद रखने का आदेश दिया है।

बेंगलुरु में एक सप्ताह के भीतर भारी बारिश के कारण स्कूल बंद करने के आदेश दूसरी बार दिए गए हैं। बारिश के बीच यात्री अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए जलमग्न सड़कों से गुजरे। शहर के कई स्थानों में पेड़ गिरने के कारण वाहनों का आवागमन प्रभावित हुआ है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने लिए बेंगलुरु में 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है। कलेक्टर ने कहा कि यह निर्णय एहतियाती उपाय और छात्रों के हित में लिया गया है। हालांकि, अन्य सभी डिग्री पाठ्यक्रम, स्नातकोत्तर कार्यक्रम, डिप्लोमा, इंजीनियरिंग और आईटीआई खुले रहने वाले है। कॉलेजों के प्रमुखों और संबंधित व्यक्तियों को कॉलेजों में व्याख्यान आयोजित करते समय कुछ बिंदुओं पर विचार करने के लिए एक सामान्य निर्देश दिया गया है। यदि कमजोर, जीर्ण भवन हैं तो ऐसी इमारतों का उपयोग व्याख्यान के लिए नहीं किया जा सकता है। इस संबंध में, कॉलेजों के प्रमुखों को कॉलेज भवनों की अच्छी स्थिति पर ध्यान देना चाहिए और किसी भी दुर्घटना से बचने के लिए उचित उपाय करने चाहिए, अधिकारियों ने कहा।

एहतियाती उपाय के रूप में, छुट्टी के कारण पढ़ाई के समय की कमी को शनिवार दोपहर या रविवार को अतिरिक्त कक्षाएं आयोजित करके पूरा किया जाता है। विद्यार्थियों के अभिभावकों, कॉलेज प्रमुखों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि विद्यार्थी पानी वाले निचले इलाकों में न जाएं। विद्यार्थियों द्वारा कॉलेज आने-जाने के लिए उपयोग किए जाने वाले वाहनों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।

## बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दबाव का क्षेत्र, चक्रवाती तूफान में बदलने की संभावना


नई दिल्ली। अंडमान सागर के ऊपर चक्रवाती दबाव सोमवार को निम्न दबाव वाले क्षेत्र में बदल गया और इसके 23 अक्टूबर तक तूफान में बदलने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि रविवार को उत्तरी अंडमान सागर और उससे सटे बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने चक्रवाती दबाव ने पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे सटे उत्तरी अंडमान सागर के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बना दिया है। विभाग ने कहा कि इसके पश्चिम-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ने और 22 अक्टूबर की सुबह तीव्र होकर दबाव के रूप में परिवर्तित होने और 23 अक्टूबर तक पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर चक्रवाती तूफान में बदलने की पूरी संभावना है।

# दो या दो अधिक बच्चे वाले लोग ही स्थानीय निकाय चुनाव लड़ सकेंगे

**– आंध्र प्रदेश में घटती युवा आबादी पर सीएम चंद्रबाबू नायडू चिंतित हैं, इस ?लिए नया कानून बनाएंगे**

**अमरावती (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश में घटती युवा आबादी पर सीएम चंद्रबाबू नायडू चिंतित हैं। राज्य में जनसंख्या दर को बढ़ाने के लिए उनकी सरकार नया कानून लाने की योजना बना रही है। इसके तहत आंध्र प्रदेश में दो या दो अधिक बच्चे वाले लोग ही स्थानीय निकाय चुनाव लड़ सकेंगे। सीएम नायडू ने कहा कि उनकी सरकार जल्द ही इस बाबत कानून बनाने की योजना बना रही है। सीएम चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि राज्य सरकार पॉपुलेशन मैनेजमेंट को लागू करने की योजना बना रही है, जिसमें अधिक बच्चों वाले परिवारों को प्रोत्साहित करने के लिए नए कानून पर विचार किया जा रहा है। नायडू ने कहा ?कि राज्य सरकार एक ऐसा कानून लाने पर विचार कर रही है, जिसके तहत केवल दो से अधिक बच्चों वाले लोग ही स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने के पात्र होंगे। राज्य ने पहले दो से अधिक बच्चों वाले लोगों को स्थानीय चुनाव लड़ने से रोकने वाला कानून पारित किया था, लेकिन हमने उस कानून को निरस्त कर दिया है। राज्य में अधिक वाले परिवारों को अधिक लाभ प्रदान कर सकती है। सीएम चंद्रबाबू नायडू ने राज्य में गिरती जनसंख्या पर चिंता जाहिर करते हुए कहा ?कि आंध्र सहित दक्षिण भारत में बुढ़ापे की समस्या के लक्षण दिखने लगे हैं। जापान, चीन और कुछ यूरोपीय राष्ट्र जैसे कई देश इस समस्या से जूझ रहे हैं, जहां बुजुर्गों की आबादी अधिक है। दक्षिण भारत में युवा लोगों के देश के अन्य हिस्सों या विदेश में पलायन करने से समस्या और भी बढ़ गई है। सीएम ने बताया कि दक्षिणी राज्यों में प्रजनन दर पहले ही 1.6 तक गिर गई है, जो राष्ट्रीय औसत 2.1 से काफी कम है। ऐसा ही चलता रहा तो 2047 तक बुजुर्गों की आबादी में जबरदस्त वृद्धि हो जाएगी, जो चिंता का विषय है। चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि देश के गांव में सिर्फ बुजुर्ग लोग ही बचे हैं। युवा आबादी शहरों में चली गई है।





# आदित्य रॉय कपूर ने रिलेशनशिप को लेकर किया खुलासा

**बॉलीवुड अभिनेता आदित्य रॉय कपूर अपनी फिल्मों के लिए कम लेकिन अपने रिलेशनशिप को लेकर लगातार चर्चा में बने रहते हैं। हाल ही में आदित्य बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर के टॉक शो व्हाट वीमेन वांट में रिलेशनशिप को लेकर कई खुलासे किए।**

आदित्य का कथित तौर पर इस साल की शुरुआत में अनन्या पांडे से ब्रेकअप हो गया था। फिल्म आशिकी में उनकी भूमिका सभी को पसंद आई। हालांकि, इस फिल्म में उनके द्वारा निभाए गए परेशान आशिक के किरदार से वह खुद को संबंधित नहीं मानते।

जब शो के दौरान करीना ने पूछा कि आपकी तीन सबसे पसंदीदा खूबियां क्या हैं?, तो आदित्य ने बिना कोई देरी के कहा, मैं बहुत हैंडसम हूं, मैं आकर्षक हूं। इसके बाद करीना ने आदित्य ने पूछा कि बहुत सी महिलाएं आपके रिलेशनशिप स्टेटस के बारे में जानना चाहती हैं। इस पर आदित्य ने कहा, क्या चिल करना भी कोई स्टेटस है? आगे आदित्य ने कहा, मैं चिलर हूं।

आदित्य रॉय कपूर ने अपने करियर के बारे में बात करते हुए कहा, एक फिल्म जिसने मेरे करियर की दिशा बदल दी, वह थी आशिकी। ऐसा नहीं है कि मैं उस किरदार से इसलिए जुड़ा क्योंकि वह एक शराबी था। करीना ने आदित्य से पूछा कि वह रिश्ते में घोस्टिंग से कैसे निपटते हैं। आदित्य ने कहा कि वह उस शख्स को ब्लॉक करना पसंद करते हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अनन्या और आदित्य करीब दो साल तक साथ रहने के बाद कुछ समय पहले अलग हो चुके हैं। 2022 में, अनन्या और आदित्य के रिलेशनशिप में होने की खबरें हर जगह फैली हुई थीं, जिसने हर किसी का ध्यान अपनी ओर आर्कषित किया।



# अपनी छवि को पीआर की बनावट कहने पर बोलीं सारा

सारा अली खान हिंदी फिल्मों की जानी-पहचानी अभिनेत्री हैं। वह इंडस्ट्री की उन चुनिंदा स्टार किड्स में से हैं, जो अक्सर चर्चा में रहती हैं। उन्होंने कुछ फिल्मों में अपने अभिनय के लिए वाह-वाही भी बटोरी है। सारा ने साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म केदारनाथ से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद से अब तक अपने छह साल के अभिनय करियर में वह फिल्मों के अलावा उनके मस्तीभरे व्यवहार और फैशन सेंस की वजह से भी उन्होंने काफी चर्चा बटोरी है। उनकी एक खास छवि बनी है, जिसे लेकर कई बार कहा जाता है कि ये उनकी पीआर टीम के द्वारा बनाई गई है।

सारा, बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान और मशहूर अभिनेत्री अमृता सिंह की बेटी हैं। इस वजह से कई बार वो ट्रोलर्स के निशाने पर भी होती हैं, जो उन्हें नेपोटिज्म को लेकर ट्रोल करते हैं। हालांकि, हार्पर बाजार से बातचीत के दौरान अभिनेत्री ने खुद का बचाव करते हुए अपनी छवि को लेकर कही जा रही बातों पर जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी छवि कुछ भी हो सकती है, लेकिन ये पीआर द्वारा बनाई गई नहीं है।

इस बातचीत के दौरान उनसे पूछा गया कि क्या ये एक सोचा-समझा फैसला था कि उन्हें काफी समान दिखाया जाए। इस पर जवाब देते हुए अभिनेत्री ने कहा कि उन्होंने अपनी खास तरह की छवि बनाने की कोई कोशिश नहीं की है। अभिनेत्री ने कहा, मुझे नहीं लगता कि मैंने कुछ लोगों की निराशा के लिए, खुद की छवि बनाने में कोई ऊर्जा खर्च की है। यह कुछ ऐसा है, जो मैं कैमरे के लिए करूंगी, जहां मैं किरदारों का निर्माण करती हूं। असल जिंदगी में मैं बस वही हूं, जो मैं हूं, फिर चाहे वो पांच जोड़ी शॉर्ट्स पहनकर जिम जाने वाली लड़की हो या एथलीजर पहनकर एयरपोर्ट जाने वाली।

सारा ने इस दौरान अपने बचपन को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा कि उनका और उनके भाई इब्राहिम अली खान का पालन-पोषण लोगों की अपेक्षा से अलग तरीके से हुआ। उन्होंने कहा कि मां अमृता के साथ उनका बचपन सामान्य जीवन की तरह गुजरा। अभिनेत्री ने कहा,हम वीडियो गेम खेलने या फूड कोर्ट में खाने के लिए मॉल जाते थे। यही वह जीवन है, जिसकी मैं बड़ी होकर आदी हो गई थी। आज, मैं अपने काम की सराहना करती हूं, लेकिन जब मैं काम नहीं कर रही होती हूं, तो जिम, कैफे, यात्रा करना पसंद करती हूं मैं बस अपने व्यक्तित्व को बहुत गंभीरता से नहीं लेती और मैं वही करती हूं, जो मुझे अच्छा लगता है।

बता दें कि सारा आखिरी बार नेटफ्लिक्स की फिल्म मर्डर मुबारक और ऐ वतन मेरे वतन में नजर आई थीं। ऐ वतन मेरे वतन में उनके अभिनय को फैंस ने काफी पसंद भी किया। इन दिनों सारा अपनी आगामी फिल्म मेट्रो इन दिनों, स्काई फोर्स और ईगल को लेकर व्यस्त हैं।



# कुशाल टंडन ने की शिवांगी जोशी के साथ रिश्ते में होने की बात



अभिनेता कुशाल टंडन ने अभिनेत्री शिवांगी जोशी के साथ रिलेशनशिप को लेकर हामी भर दी है। शिवांगी और कुशाल टंडन को कई बार एक साथ देखा जाता था, लेकिन दोनों ने कभी अपने रिलेशन को लेकर हां नहीं की। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में कुशाल ने शिवांगी के साथ रिश्ते में होने की बात कंफर्म की है। कुशाल ने इंटरव्यू में कहा कि दोनों इस रिश्ते में धीरे-धीरे आगे बढ़ रहे हैं।

### मां मुझे शादीशुदा देखना चाहती हैं

इंटरव्यू में कुशाल टंडन ने शिवांगी जोशी से शादी के बारे में पूछने के बाद ही इस बारे में बात की है। कुशाल ने कहा, मैं अभी शादी नहीं करूंगा लेकिन मैं प्यार में हूं। हम इस रिश्ते को बहुत ही धीरे-धीरे आगे ले जा रहे हैं। मेरी मां मुझे शादीशुदा देखना चाहती हैं, उनका बस चले तो मेरी आज ही शादी करवा दें।


### मेरे माता-पिता ने लड़की तलाश रोक दी

कुशाल टंडन ने अपनी शादी को लेकर कहा कि शादी कब होगी अभी कंफर्म नहीं है, लेकिन कभी भी कुछ भी हो सकता है। कुशाल ने कहा, और वैसे देखा जाए तो कुछ भी हो सकता है, कभी भी। उन्होंने कहा कि उन्हें अपनी लेडीलव मिल गई है, हमारा मैच बिल्कुल सही है। कुशाल टंडन ने कहा कि एक अच्छी लड़की की तलाश अब मेरे माता पिता की तरफ से रोक दी गई है।

### बरसातें धारावाहिक में किया था साथ में काम

शिवांगी जोशी को टीवी धारावाहिक बरसातें- मौसम प्यार का में साथ में देखा गया था। कुशाल और शिवांगी की जोड़ी को इस शो से काफी प्यार मिला था। शो बाद उनकी ऑफ स्क्रीन केमिस्ट्री ही काफी अच्छी रही। कुशाल को एक हजारों में मेरी बहना है में देखा गया था। शिवांगी जोशी को सबसे पहले ये रिश्ता क्या कहलाता है सीरियल में देखा गया था।

# दिनेश विजान की फिल्म में नजर आ सकते हैं सिद्धार्थ-कियारा



एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा और एक्ट्रेस कियारा आडवाणी ने साल 2023 की शुरुआत में शादी कर ली थी। दोनों ने इससे पहले साल 2021 में आई सुपरहिट फिल्म 'शेरशाह' में साथ काम किया था। इसके बाद वे किसी भी फिल्म में साथ नहीं दिखे। हालांकि अब लगता है कि यह जोड़ी एक बार फिर से पर्दे पर दिख सकती है। इस फिल्म को लेकर जानकारी सामने आई है।

फिल्म दिनेश विजान की प्रोडक्शन कंपनी मैडॉक फिल्म्स बनाने वाली है।

ये वही कंपनी है, जिसने 'स्त्री 2' बनाई है, जिसने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 800 करोड़ रुपए से ज्यादा का बिजनेस कर लिया। इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट की मानें तो सिद्धार्थ और कियारा ने इस फिल्म के लिए मैडॉक फिल्म्स के साथ बातचीत शुरू कर दी है। ये एक टिपिकल बॉलीवुड लव स्टोरी नहीं होगी। इस फिल्म में रोमांस के साथ फैंटेसी एलिमेंट्स का भी तड़का लगाया जाएगा, जो इसे बाकियों से अलग बनाएगा। हालांकि फिल्म के प्लॉट को लेकर कोई जानकारी नहीं मिली। मैडॉक ऑडियंस के लिए एक फ्रेश और इंटरेस्टिंग फिल्म बना रही है। 'शेरशाह' की बात करें तो विष्णुवर्धन के डायरेक्शन में बनी फिल्म कारगिल वॉर के हीरो भारतीय सेना अधिकारी कैप्टन विक्रम बत्रा पर बेस्ड थी। फिल्म करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनी थी।





# 'अल्फा' की शूटिंग के लिए कश्मीर पहुंचीं आलिया भट्ट

आलिया भट्ट अभिनीत और यशराज फिल्म्स की स्पाई यूनिवर्स की आगामी फिल्म 'अल्फा' बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। आलिया भट्ट इस एक्शन थ्रिलर में शरवरी के साथ मुख्य भूमिका में हैं। दोनों अभिनेत्रियां पिछले कुछ महीनों से इसकी शूटिंग कर रही हैं। हाल ही में फिल्म का नया शेड्यूल जारी हुआ और अभिनेत्री एक बार फिर कश्मीर लौटी हैं। कश्मीर से अभिनेत्री की कुछ अनदेखी तस्वीरें सामने आई हैं। इन तस्वीरों में आलिया अपनी प्राकृतिक सुंदरता बिखेरती हुई नजर आ रही हैं। 18 अक्टूबर, 2024 को, कश्मीर में आलिया भट्ट की मेजबानी करने वाले होटल ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अभिनेत्री की शानदार तस्वीरें साझा कीं। तस्वीरों में आलिया नेवी ब्लू पैंट के साथ एक सफेद कार्डिगन पहने हुए दिखाई दे रही थीं, जिसके साथ उन्होंने गले में एक सफेद मफलर पहना हुआ था। उन्होंने बिना मेकअप के लुक अपनाया और एक हाथ में हैंडबैग पकड़े हुए अपने बालों को बन में स्टाइल किया है। तस्वीर में एक और व्यक्ति उन्हें एक एंटीक चीज भेंट करते हुए दिखाई दे रहा है। पोस्ट के कैप्शन में लिखा गया है, 'आलिया भट्ट, आपकी मेजबानी करना खुशी की बात थी! आपकी उपस्थिति ने कश्मीर की सुंदरता में एक अतिरिक्त चमक ला दी। हम आपकी अगली यात्रा का इंतजार कर रहे हैं।'

अगस्त की शुरुआत में आलिया भट्ट और शरवरी वाघ कश्मीर में शूटिंग कर रही थीं, जहां दोनों ने अपने इंस्टाग्राम पर एक दिल को छू लेने वाली तस्वीर शेयर की थी। वह दोनों एक नदी के पास एक खूबसूरत जगह पर कैमरे से दूर सर्दियों की जैकेट पहने हुए, एक-दूसरे को गले लगाते हुए नजर आई थीं। उन्होंने पोज देते हुए अपने हाथों से दिल का आकार बनाया। उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया, 'लव, अल्फा!' 'अल्फा' का निर्देशन शिव रवैल ने किया है और आदित्य चोपड़ा ने इसे प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म क्रिसमस की छुट्टियों के दौरान 25 दिसंबर, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। वहीं, आलिया संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' में भी नजर आएंगी।



# कार्तिक आर्यन की सफलता में इनकी है अहम भूमिका

कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म भूल भुलैया 3 को लेकर काफी चर्चा में हैं। उनके फैंस उनकी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इंडस्ट्री में बाहर से आकर अपने लिए एक मुकाम बनाना किसी भी कलाकार का एक सपना होता है, जिसे कार्तिक ने अपनी मेहनत और लगन से पूरा किया है। हालांकि, कार्तिक ने अपनी इस सफलता में अहम भूमिका निभाने का श्रेय दो अन्य लोगों को दिया है। ये दो लोग कोई और नहीं हैं, बल्कि अभिनेता ने अपनी मां और अपनी बहन को अपनी सफलता में अहम भूमिका निभाने का श्रेय दिया है।

कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आगामी हॉरर कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया 3 का जोर-शोर से प्रमोशन कर रहे हैं। हाल में ही वह प्रमोशन के लिए इंदौर में थे, जहां अभिनेता से उनकी सफलता में अहम भूमिका निभाने वाले लोगों को लेकर सवाल पूछा गया है। इसके जवाब में कार्तिक ने बिना देरी करते हुए अपनी मां और बहन का नाम लिया। अभिनेता ने कहा,मेरे मामले में, यह मेरी मां और बहन हैं। इस बातचीत के दौरान भूल भुलैया 3 अभिनेता ने अपनी आगामी फिल्म को लेकर कई संकेत भी दिए, जिससे ये साफ होता है कि इस बार फिल्म काफी डरावनी और मजेदार होने वाली है। कार्तिक ने कहा, ऐसी कई चीजें हैं, जो इस किस्त को पिछले दो से अलग बनाती हैं। इस नए किस्त में, दर्शकों को और भी ज्यादा डरावनी चीजें देखने को मिलेंगी। दिग्गज अभिनेत्रियां विद्या बालन और माधुरी दीक्षित भी तीसरे भाग का हिस्सा होंगी - सिर्फ उनके नाम ही फिल्म में चार चांद लगा देते हैं। कार्तिक आर्यन ने इस बातचीत के दौरान अपनी फिल्मी सफर को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा कि उनका सफर काफी चढ़ाव-उतार वाला रहा। इस दौरान अभिनेता ने इस बात पर जोर दिया कि संघर्षों पर काबू पाना किसी के लिए भी अपना रास्ता बनाने के लिए काफी जरूरी है। उन्होंने अपनी पहली फिल्म, प्यार का पंचनामा से शुरु हुए अपने सफर को याद करते हुए कहा कि सोनू के टीटू की स्वीटी से उनके करियर में एक महत्वपूर्ण बदलाव आया और फिर लोग उन्हें पहचानने लगे। अभिनेता ने इस दौरान आगे कहा कि इस फिल्म में भूल भुलैया 2 की भी कुछ चीजें शामिल की जाएंगी। हालांकि, उन्होंने साफ करते हुए कहा कि फिल्म की कहानी बिलकुल नई होने वाली है, जिसमें कई अप्रत्याशित मोड़ और उतार-चढ़ाव देखने को मिलने वाले हैं।

# मुन्नाभाई 3 लेकर आएंगे राजकुमार हिरानी

राजकुमार हिरानी की मुन्नाभाई फ्रेंचाइजी के प्रशंसक वर्षों से इसके तीसरे भाग की मांग कर रहे हैं। हिरानी और संजय दत्त दोनों ही अपनी अन्य व्यावसायिक प्रतिबद्धताओं को पूरी करने में व्यस्त हैं। हालांकि, हिरानी की इच्छा सूची में सबसे ऊपर मुन्नाभाई 3 का नाम है। राजकुमार हिरानी ने हाल ही में कहा कि उनके पास फिल्म की पांच आधी-अधूरी स्क्रिप्ट है। हिरानी ने कहा, मैंने एक स्क्रिप्ट पर छह महीने बिताए, इंटरवल तक पहुंचा, और यह उससे आगे नहीं बढ़ पाया। उन्होंने कहा, सबसे महत्वपूर्ण कारक यह है कि अगली किस्त पिछली फिल्मों से बेहतर होनी चाहिए।



